मन को आत्मिक शक्ति प्रदान करता है राजयोग ध्यान

नवभारत न्यूज

ग्वालियर,21दिसंबर। विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्व विद्यालय ग्वालियर द्वारा अम्मा महाराज की छतरी में एक विशेष राजयोग ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्रह्माकुमारीज केंद्र प्रमुख बीके आदर्श दीदी, सिविल जज ग्वालियर शिवकांत कुशवाह, भारतीय योग संस्थान से प्रांतीय प्रधान महेश अग्रवाल, म.प्र. चैम्बर ऑफ़ ऑफ़ कॉमर्स अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, योग प्रशिक्षक राजेंद्र अग्रवाल, छतरी प्रबंधक जयन्त जपे, राजयोग ध्यान प्रशिक्षक बीके प्रहलाद भाई उपस्थित थे। केंद्र प्रमुख बीके आदर्श दीदी ने राजयोग ध्यान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के तनावपूर्ण जीवन में ध्यान ही वह माध्यम है, जो मन को स्थिर कर आत्मिक शक्ति प्रदान करता है। शिवकांत कुशवाह ने कहा कि ध्यान से व्यक्ति में धैर्य, विवेक और संतुलन विकसित होता है, जो न केवल व्यक्तिगत जीवन बल्कि सामाजिक जीवन में भी उपयोगी है। महेश अग्रवाल ने योग और ध्यान को जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि नियमित अभ्यास से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि व्यापार और कार्यक्षेत्र में बढ़ते दबाव के बीच ध्यान व्यक्ति को सही निर्णय लेने और तनाव से मुक्त रहने में मदद करता है।

राजेंद्र अग्रवाल ने ध्यान को युवा पीढ़ी के लिए अत्यंत आवश्यक बताते हुए इसे नशामुक्त और सकारात्मक समाज के निर्माण का सशक्त साधन बताया। जयन्त जपे ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों से समाज में शांति और सौहार्द का वातावरण बनता है। राजयोग ध्यान प्रशिक्षक बीके प्रहलाद भाई ने उपस्थितजनों को राजयोग ध्यान का अभ्यास कराया और बताया कि कैसे आत्मचिंतन के माध्यम से हम परम शांति के अनुभव को अपने जीवन में ला सकते हैं।

इस अवसर पर बीके ज्योति बहन, बीके महिमा बहन, बीके रोशनी बहन, संतोष बंसल, गजेन्द्र अरोरा, ओम प्रकश परिहार, अभय खंडेलवाल, प्रशांत गुप्ता, देवेन्द्र कुशवाह, अशोक पमनानी, डॉ रूचि शर्मा, शिवांश तिवारी सहित अनेकानेक गणमान्य नागरिक एवं योग साधक उपस्थित थे।

कारोबारी को धमकाने की घटना को संदिग्ध मान रही पुलिस

नवभारत न्यूज

ग्वालियर , 21 दिसंबर। राजीनामा के लिए धमकाने के मामले को पुलिस अफसर संदिग्ध मान रहे हैं। यही कारण है कि हकीकत का पता लगाने के लिए कड़ी से कड़ी मिलाई जा रही है। फिलहाल आरोपियों की तस्दीक नहीं हो सकी है, उनके हाथ आते ही पूरे मामले का स्वत: खुलासा हो जाएगा। कोतवाली थाना क्षेत्र की दाना ओली में स्थित ओमजी फैनी वाले के संचालक दिनेश खंडेलवाल और उनके भाई पर मोहल्ले में ही रहने वाले कपिल शर्मा व उसके साथियों ने पुरानी रंजिश के चलते हमला कर दिया था। बदमाशों ने दोनों भाइयों की बेरहमी से मारपीट की, जिसमें एक भाई गंभीर रूप से घायल हो गया था, जबकि दूसरे ने पड़ोस में बनी पुलिस चौकी भी छुपकर अपनी जान बचाई थी। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस द्वारा आरोपी कपिल शर्मा व उसके साथियों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया था। जिसके बाद तीन चार दिन तक वह व उसका परिवार सहित फरार बना रहा। वहीं बीते गुरुवार- शुक्रवार की दरम्यानी रात एक बार फिर फरियादी की दुकान पर पत्थर फेंकते हुए राजीनामा करने के लिए धमकी दी गई। इसका सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें फेस कवर किए तीन बदमाश गाली गलौज करते हुए धमकी दे रहे हैं, कि अगर राजीनामा नहीं किया, तो गोली मार देंगे। जो फरियादी की दुकान के शटर पर पत्थर मारकर भागते नजर आ रहे हैं। पुलिस द्वारा मामले में फरियादी के कहे अनुसार नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर भले ही दर्ज कर ली गई हो, लेकिन पुलिस अफसरों को यह पूरा मामला संदिग्ध नजर आ रहा है। जिससे पूरे मामले की हर एंगल से पड़ताल करवाई जा रही है। दरअसल फरियादी पक्ष की लंबे समय से पड़ोसी दुकानदार से कारोबारी की प्रतिस्पर्धा चल रही है। जिसमें फरियादी द्वारा कुछ समय पूर्व पड़ोसी के खिलाफ छेड़खानी की एफआईआर दर्ज करवाई गई थी, जिससे दोनों के बीच टशन और बढ़ गई। वहीं विगत दिनों जब फरियादी पर हमला हुआ, तब उसने पड़ोसी सहित अन्य लोगों के नाम लिए।

इनका कहना है कि...

हर एंगल से जांच करवाई जा रही है। आरोपियों के पकड़ते ही पूरा मामला स्वत: क्लियर हो जाएगा। मिठाई कारोबारी को धमकाने की घटना कुछ संदिग्ध प्रतीत हो रही है, इसलिए हल हो जाएगा।

धर्मवीर सिंह
एसएसपी, ग्वालियर

भाजपा ने राष्ट्रगान कार्यक्रम में सहभागिता कर पदाधिकारियों का किया सम्मान

नवभारत न्यूज

ग्वालियर , 21 दिसंबर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल ने रविवार को भारत विकास परिषद, शाखा समर्पण ग्वालियर द्वारा महाराजबाड़ा पर प्रतिदिन प्रात: 08:30 बजे आयोजित दो मिनट राष्ट्र के नाम राष्ट्रगान कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं सदस्यों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर शाखा द्वारा वृद्धजनों को कंबल वितरित कर सामाजिक संवेदनशीलता एवं मानवीय सेवा का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल ने कहा कि लगातार आठ वर्षों तक प्रतिदिन प्रात: उठकर राष्ट्रगान करना कोई साधारण कार्य नहीं है। यह राष्ट्रसेवा में एक तपस्या के समान है। राष्ट्रगान के माध्यम से नागरिकों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत होती है और ऐसे आयोजन समाज को सकारात्मक दिशा देते हैं। समर्पण शाखा ने राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सेवा भाव को अपने आचरण में उतारकर समाज के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। राष्ट्रगान के माध्यम से राष्ट्रभक्ति का भाव जागृत करना और साथ ही समाज के जरूरतमंद वर्ग की सेवा करना, भारत विकास परिषद 'समर्पण' शाखा की सच्ची पहचान है। विगत आठ वर्षों से निरंतर चल रहा यह अभियान समाज को संस्कार, संवेदना और सेवा का संदेश दे रहा है, जो वास्तव में अनुकरणीय है। उन्होंने शाखा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के सेवा भाव की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। शाखा इस पुनीत कार्य के माध्यम से समाज में राष्ट्रभक्ति, मानवीय संवेदनशीलता एवं सामाजिक दायित्व को सुदृढ़ करने का कार्य कर रही है। इस अनुकरणीय कार्य के लिए संरक्षक अरविंद दूदावत , सुधीर अग्रवाल , संजय धवन , अनूप अग्रवाल जी एवं समस्त पदाधिकारी-सदस्यगण बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम में पार्षद संजय सिंघल एवं पार्षद अनिल सांखला की गरिमामयी उपस्थिति रही।

गौशालाओं में भी अलाव की व्यवस्था करें - कलेक्टर

ग्वालियर। सर्दी के मौसम को देखते हुए कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने आदर्श गौशाला लाल टिपारा के साथ-साथ जिले में संचालित सभी गौशालाओं में पशुधन को ठंड से बचाने के लिये अलाव की व्यवस्था करने के निर्देश पशु चिकित्सा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने सभी गौशालाओं में पशु चिकित्सा विभाग के माध्यम से चिकित्सक पशुओं का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए हैं। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने शनिवार को ग्वालियर की आदर्श गौशाला लाल टिपारा का निरीक्षण करने के उपरांत पशु चिकित्सा विभाग एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

सफाई कामगार वर्ग को सामाजिक न्याय की मंजिल तक पहुंचाएंगे : जयराज

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 21 दिसंबर। सत्ता वापसी होने पर कांग्रेस पार्टी द्वारा शोषित पीड़ित वंचित सफाई कामगार वर्ग को सामाजिक न्याय की मंजिल तक अवश्य ले पहुंचाया जाएगा। उक्त कथन मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सफाई कामगार प्रकोष्ठ के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष जयराज चौहान ने आज कांग्रेस कार्यालय पर अपने प्रथम नगर आगमन पर हुए स्वागत समारोह में खुले मंच से कही। वहीं प्रकोष्ठ के नवनियुक्त उपाध्यक्ष दीपक खरे ने बाल्मिकी समाज को अन्य जाति समुदायों की भांति सत्ता में आने के लिए विधायक पार्षदों के टिकटों की खुलकर मांग करते हुए सफाई कामगारों के हित में प्रदेश भर में सघन अभियान चलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग के उपाध्यक्ष महेश मदुरिया ने भी प्रदेश में सरकार बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री डॉ केके चौहान नीर ने सफाई सर्वेक्षण के नाम पर सफाई कामगारों को अनावश्यक रूप से परेशान करने जैसी हरकतों को बंद करते हुए सफाई कर्मचारी समस्या सर्वे की मांग प्रदेश की भाजपा सरकार से की। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी देवीसिंह पहलवान ने भी कर्मचारी हित में सिर्फ नियम अनुसार काम लेने की बात मजबूती से रखी। इस अवसर पर नवाब उस्मानी, करन सिंह खरे देबू खरे हितेंद्र कुमार मनोज वाल्मीकि विजय सिंह संतोष पाल मिलन कल्लू खान दोंडारिया अर्जुन आर्यन, राकेश सिमरत अशोक अमर प्रितम अजब सिंह गजेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

कुएं के पानी को लेकर हुआ विवाद, चले लाठी-डंडे

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 21 दिसंबर। मोहना के टीकली गांव में कुएं से पानी लेने को लेकर दो पक्षों के विवाद हो गया। विवाद के दौरान दोनों तरफ से लाठी-डंडे चले, जिससे गांव में स्थिति तनावपूर्ण हो गई। हंगामे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को लेकर थाने ले आई। समझाइश के बाद जब एक भी पक्ष मानने को तैयार नहीं हुआ तो दोनों के खिलाफ मामला कायम कर लिया। मोहना थाना क्षेत्र के टीकली गांव में हरदौल सिंह परिहार पुत्र रामअवतार परिहार का कुआं है। इस कुएं से गांव के कसान परिहार, मूलचंद परिहार, दीवान परिहार तथा प्रमोद परिहार पानी लेते थे, इस बात पर हरदौल परिहार आपत्ति जताता था। हरदौल का कहना था कि कुआं उसका है इसलिए पानी नहीं लेने दूंगा। पानी न देने को लेकर पहले भी दोनों पक्ष के विवाद हो चुका था। रोज गांव में पानी को लेकर मारपीट होने की स्थिति बनती थी तो यह मामला प्रशासन तक पहुंच गया। एसडीएम ने जांच करने के बाद फैसला हरदौल परिहार के पक्ष में दिया और दूसरे पक्ष को पानी लेने से मना कर दिया। कुछ समय तक तो स्थिति ठीक रही, लेकिन बाद में फिर तनातनी का माहौल बनने लगा। शनिवार सुबह कसान परिहार कुए पर पानी लेने पहुंचे तो हरदौल ने इसका विरोध किया। हरदौल के विरोध करने पर वहां प्रमोद परिहार, मूलचंद परिहार, दीवान परिहार पहुंच गए और कसान परिहार का समर्थन करने लगे। थोड़ी देर बाद बात बढ़ गई और दोनों पक्ष के बीच लाठी-डंडे चले। गांव में हंगामा और मारपीट होने की सूचना पुलिस को लगी तो वह मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को थाने ले आई। समझाइश के बाद जब कोई मानने को तैयार नहीं हुआ तो मामला कायम कर लिया।

शराबी ने पेंट उतारकर चौराहे पर किया हंगामा

ट्रैफिक हुआ जाम, पुलिस ने पहुंचाया थाने

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 21 दिसंबर। नशे में धुत्त दिव्यांग ने गोला का मंदिर चौराहे पर शनिवार रात जमकर हंगामा किया। जिसने अपना पेंट भी उतारकर फेंक दिया। इस अफरा-तफरी माहौल के बीच ट्रैफिक जाम के हालात निर्मित हो गए। हालांकि बाद में पुलिस द्वारा दिव्यांग का पकड़कर थाने पहुंचा दिया गया। गोला का मंदिर चौराहे पर शनिवार रात नौ बजे के लगभग शराब के नशे में धुत्त एक दिव्यांग ने बीच चौराहे पर बैठकर हंगामा शुरू कर दिया। जिससे वहां ट्रैफिक जाम हो जाने से वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बताया गया है कि दिव्यांग ने चौराहे पर अपने कपड़े उतार दिए और हंगामा करने लगा। उसकी हरकतों से वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक राहगीर ने पूरी घटना का वीडियो अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की 112 डायल टीम मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मी करीब एक घंटे मशक्कत के बाद नशेड़ी दिव्यांग को थाने ले जाने में कामयाब हो सके।

माँगों को लेकर शिक्षक कांग्रेस की प्रान्तीय बैठक 25 को

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 21 दिसंबर। मध्यप्रदेश शिक्षक कॉंग्रेस की प्रान्तीय बैठक 25 दिसंबर गुरुवार को दोपहर 12 बजे से बडा पार्क, अर्नव ग्रीन सिटी, जलालपुर रोड, सागरताल चौराहा के पास होगी। इस बैठक में ई-अटेंडेंस के कारण सिर्फ ग्वालियर जिले में शिक्षकों का नवंबर माह का बेतन रोकने व काटने तथा वचन पत्र भरवाने के बाद ही वेतन का भुगतान करने, हमारे शिक्षक एप में जो समस्याएँ हैं, उन्हें बिना हल किये एप द्वारा ई-अटेंडेंस लगाने के लिये मजबूर करने, लंबे समय से लंबित क्रमोन्नति एरियर्स, प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता, नवीन संवर्ग के तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी नियमित न करनो आदि समस्याओं के सन्दर्भ में हो रही है। यह बैठक प्रान्तीय अध्यक्ष सतीश शर्मा की अध्यक्षता एवं प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह परमार की उपस्थिति में होने जा रही है। ग्वालियर जिलाध्यक्ष सुरेश चन्द्र रावत एवं संभागीय अध्यक्ष तुलसी रावत ने बताया कि इस बैठक में पूरे प्रदेश से लगभग 800 से अधिक पदाधिकारी एवं शिक्षकों के उपस्थित होने की संभावना है। उक्त बैठक में मुख्य रूप से उपरोक्त समस्याओं के संबंध में गंभीर चिंतन कर ठोस हल निकालने का प्रयास किया जावेगा। ग्वालियर संभागीय अध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह कुशवाह, शिवपुरी जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह रघुवंशी, गुना जिलाध्यक्ष निर्भय सिंह परिहार, मुरैना जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तौमर, दतिया जिलाध्यक्ष बलवीर सिंह तौमर, श्योपुर जिलाध्यक्ष प्रभूदयाल राजपूत, भिंड जिलाध्यक्ष अवनीश भदौरिया ग्वालियर जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ नीलम शाक्य आदि ने समस्त शिक्षकों से अपेक्षा की है कि उक्त कार्यक्रम में अपनी सहभागिता देकर कार्यक्रम को सफल बनायें ।

जेयू में सहरिया जनजाति विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 21 दिसंबर। जनजातीय समाज के लिए ठोस और व्यावहारिक कार्य किए जाएं। उनकी विरासत को सुरक्षित रखते हुए उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य और चिकित्सा जैसी सुविधाओं के माध्यम से मुख्यधारा से जोड़ा जाना चाहिए। सहरिया जनजाति की कला, जीवन-शैली और स्वावलंबी परंपराएं आज भी जीवंत हैं। विकास की प्रक्रिया में कला की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, इसलिए विकास और सांस्कृतिक स्वरूप के बीच निरंतर संवाद स्थापित होना चाहिए। यह बात रविवार को महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय छतरपुर के कुलगुरु प्रो. राकेश कुशवाह ने जीवाजी विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व अध्ययनशाला, जनजातीय अध्ययन एवं विकास केन्द्र तथा प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के संयुक्त तत्वावधान में सहरिया जनजातियों में सामाजिक सांस्कृतिक स्वरूप के बदलते परिदृश्य' विषय

पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजकुमार आचार्य ने की। विशिष्ट अतिथि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण भोपाल के अधीक्षक पुरातत्वविद् डॉ. मनोज कुमार कुर्मी एवं आयोजन सचिव डॉ. शांतिदेव सिसोदिया थे। शुरुआत में दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना भूमि पांडेय व सोनिया वर्मा ने की। स्वागत भाषण डॉ. शांतिदेव सिसोदिया ने दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ. मनोज कुमार कुर्मी ने कहा कि हमें अपने पारंपरिक ज्ञान को गहराई से समझने की आवश्यकता है। यह तभी संभव है जब पारंपरिक ज्ञान को भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ा जाए। सहरिया जनजाति को समझने के लिए केवल अकादमिक अध्ययन पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके बीच जाकर उनके जीवन को निकट से देखना और समझना होगा। अध्यक्षता कर रहे डॉ. राजकुमार आचार्य ने कहा कि जो समाज अपने सांस्कृतिक परिवेश से जुड़ा रहता है, उसका आचरण और व्यवहार अलग व विशिष्ट होता है। भारत समरूपता और अनेकता में एकता का श्रेष्ठ उदाहरण है। सहरिया जनजाति का जल, जंगल और जमीन के प्रति समर्पण उल्लेखनीय है और प्रकृति संरक्षण में उनका योगदान सदियों से रहा है। इस मौके पर आयोजन सचिव प्रो. शांतिदेव सिसोदिया ने अतिथियों को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। संगोष्ठी में कुल 21 शोधपत्रों का वाचन हुआ, जिनमें सहरिया जनजाति के सामाजिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और समकालीन पहलुओं पर गहन विमर्श किया। संचालन समीक्षा भदौरिया ने किया।

तीसरे तकनीकी सत्र की अध्यक्षता ठाकुर रामसिंह इतिहास शोध संस्थान के निदेशक डॉ. चेतराम गर्ग एवं सह अध्यक्षता शासकीय महाविद्यालय सेहराई अशोकनगर के प्राचार्य डॉ. अतुल गुप्ता ने की। डॉ. गुप्ता ने भारतीय ज्ञान परंपरा के संवाहक सहारिया आदिवासी (चिकित्सीय एवं औषधीय ज्ञान के विशेष संदर्भ में) विषय पर विचार रखे। इसमें समीक्षा गुप्ता, राजकुमार गोखले, रुचि श्रीवास्तव, दीप्ति मेहदवार, शिवानी शर्मा, कुलदीप इटोरिया, राजसिंह घुरैया एवं डॉ. अमिता खरे ने शोधपत्र प्रस्तुत किए।

आम सूचना

सर्वसाधारणको सूचित किया जाता है कि धर्मवीर शर्मा पुत्र राजाराम शर्मा एवं श्रीमती अंकिता शर्मा पत्नी धर्मवीर शर्मा ने एक भवन क्रं. 18ए जो भूखण्ड क्रं. 18 पर निर्मित है जिसका सर्वे क्रं. 199/7 है, जिसका म्यु. क्रं. 1522, म्यु. सम्पत्ति आई.डी. 1000185780 है, जिसका क्षेत्रफल 111.52 वर्गमीटर है, स्थित भगत सिंह नगर, जोन/वार्ड क्रं. 8/19, ग्राम महाराजपुरा रम्मना, ग्वालियर में है। जिसकी चतुर्सीमा निम्न प्रकार है : पूर्व में - ग्रीन वुड स्कूल, पश्चिम में - भूखण्ड क्रं. 18 श्रीमती मीना शर्मा, उत्तर में - भूखण्ड अन्य, दक्षिण में - कॉलोनी रोड़, को क्रय करने का अनुबंध सम्पत्ति स्वामी श्रीमती कांति यादव बेवा उदय सिंह यादव एवं शिव कुमार यादव पुत्र स्व. उदय सिंह यादव से किया है। श्रीमती कांति यादव एवं शिव कुमार यादव को उक्त सम्पत्ति उदय सिंह यादव पुत्र राम नाथ सिंह यादव की मृत्यु के पश्चात् उत्तराधिकार में प्राप्त हुई है। उदय सिंह यादव ने उक्त सम्पत्ति को जरिये वि.प.पं.दि. 13/01/2004 के द्वारा दिनेश शर्मा पुत्र पातीराम शर्मा के द्वारा क्रय किया था। दिनेश शर्मा ने उक्त सम्पत्ति को वि.प.पं.क्रं. 2128(ग) पं.दि. 24/10/1997 के द्वारा मनीष अग्रवाल पुत्र अशोक अग्रवाल द्वारा मु.आ. बृजकिशोर भदौरिया पुत्र मलखान सिंह भदौरिया के द्वारा क्रय किया था। मनीष अग्रवाल ने उक्त सम्पत्ति को वि.प.पं.क्रं. दि. 27/03/1991 के द्वारा अराजपत्रित शासकीय कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित ग्वालियर के द्वारा क्रय किया था। विक्रेतागणों के अनुसार, उक्त सम्पत्ति का पूर्व असल वि.प.पं.क्रं. 2128(ग) पं.दि. 24/10/1997 एंव वि.प.पं.क्रं. दि. 27/03/1991 पूर्व विक्रेता से प्राप्त नही किये थे। उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र शीघ्र ही क्रेतागण द्वारा अपने हित में निष्पादित कराया जाने वाला है अत: कोई व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, बैंक, प्रायवेट फाइनेंसर, उपरोक्त सम्पत्ति में अपना हक, अधिकार, ऋणभार, जमानत सम्बन्धि भार, अनुबंध रखते हो या उपरोक्त वर्णित पूर्व असल वि.प.पं.क्रं. 2128(ग) पं.दि. 24/10/1997 एंव वि.प.पं.क्रं. दि. 27/03/1991 को पूर्व सम्पत्ति स्वामियों या अन्य किसी व्यक्ति द्वारा किसी बैंक या प्रायवेट फायनेन्सर के यहाँ बंधक रखकर ऋण लिया हो या कोई व्यक्ति किसी प्रकार का दखल उपरोक्त सम्पत्ति में रखता हो या स्व. उदय सिंह यादव के उपरोक्त व्यक्तियों के अलावा अन्य कोई विधिक उत्तराधिकारी हो या स्व. उदय सिंह यादव ने अपने जीवनकाल में कोई वसीयतनामा निष्पादित किया हो तो, उक्त सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में मय दस्तावेजों के हमारे कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में अपत्ति प्रस्तुत करें, 07 दिवस पश्चात् उपरोक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र क्रेता द्वारा अपने हित में निष्पादित करा लिया जायेगा, उसके पश्चात् प्रस्तुत किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी तथा उपरोक्त सम्पत्ति को बंधक रखकर वित्तीय संस्था द्वारा क्रेता को ऋण प्रदान कर दिया जायेगा। वित्तीय संस्था द्वारा दिये गये ऋण का भार उपरोक्त सम्पत्ति पर सर्वप्रथम व एकमात्र होगा।

प्रेषक: कौशल पाराशर एवं सुमित तिवारी, (एडवोकेट्स)
कार्यालय - स्व. श्री ओ. पी. शर्मा, एडवोकेट, जस्टिस हरगोविन्द मिश्रा कॉलोनी, महादजी पार्क, लश्कर, ग्वालियर, मोबा: 98931-14325

नाम परिवर्तन सूचना

मैं **दुर्गा देवी (DURGA DEVI)** पत्नि श्री अनुराग सिंह सर्वसाधारण को सूचित करती हूँ कि मेरा पूर्व का नाम **गीता भदौरिया (GEETA BHADAURIYA)** था जो मेरे पति की बीमा पॉलीसी के नामिनेशन (उत्तराधिकारी) में लिखा गया है जबकि वर्तमान एवं भविष्य में मैं दुर्गा देवी पत्नि श्री अनुराग सिंह के नाम से जानी पहचानी एवं पुकारी जाती हुँ एवं जाऊँगी। जो मेरे शासकीय, अर्धशासकीय प्रपत्रों एवं अन्य प्रपत्रों में लिखा गया है। दुर्गा देवी एवं गीता भदौरिया दोनों मेरे ही नाम है। अत: मेरे पति की बीमा पॉलीसी के नॉमिनेशन (उत्तराधिकारी) में मेरा नाम **गीता भदौरिया** के स्थान पर **दुर्गा देवी** लिखा एवं पढ़ा जावे। आम जन एवं सर्वजन सूचित हो।

पूर्व नाम : गीता भदौरिया
वर्तमान नाम दुर्गा देवी पत्नि श्री अनुराग सिंह पता :- ग्राम करके का पुरा, पोस्ट सैकरी, भिंड म.प्र.

नाम परिवर्तन सूचना

मैं **राजू कुशवाह (RAJU KUSHWAH)** पुत्र श्री भजन लाल सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरा पूर्व नाम **दौलत कुशवाह (DAULAT KUSHWAH)** था जो मेरी बीमा पॉलिसी में लिखा गया है जबकि वर्तमान एवं भविष्य में राजू कुशवाह पुत्र श्री भजन लाल के नाम से जाना पहचाना एवं पुकारा जाता हूं एवं जाऊंगा। जो मेरे शासकीय, अर्धशासकीय प्रपत्रों एवं अन्य प्रपत्रों में लिखा गया है राजू कुशवाह एवं दौलत कुशवाह दोनों मेरे ही नाम है अत: मेरी बीमा पॉलिसी में मेरा नाम **दौलत कुशवाह** के स्थान पर **राजू कुशवाह लिखा** एवं पढ़ा जावे। आम जन एवं सर्वजन सूचित हो।

पूर्व नाम दौलत कुशवाह
वर्तमान नाम राजू कुशवाह पुत्र श्री भजन लाल पता :- ग्राम खेरी, डबरा, ग्वालियर, म प्र.

नाम परिवर्तन सूचना

मैं रेखा (**REKHA**) पत्नि श्री ब्रजमोहन सर्वसाधारण को सूचित करती हूँ कि मेरी पुत्री का पूर्व का नाम निधि (**NIDHI**) था जो उसके आधार कार्ड में लिखा गया है जो कि गलत है जबकि वर्तमान एवं भविष्य में मेरी पुत्री **इशानी कुशवाह (ISHANI KUSHWAH)** के नाम से जानी पहचानी एवं पुकारी जाती हैं एवं जाएगी। जो उसके शासकीय, अर्धशासकीय प्रपत्रों एवं अन्य प्रपत्रों में लिखा गया है। निधि एवं इशानी कुशवाह दोनों मेरे ही पुत्री के नाम है अत: मेरी पुत्री के आधार कार्ड में उसका नाम **निधि** के स्थान पर **इशानी कुशवाह** लिखा एवं पढ़ा जावे। आमजन एवं सर्वजन सूचित हो।

पूर्व का नाम निधि
वर्तमान नाम इशानी कुशवाह
सूचनाकर्ता
रेखा पत्नि श्री ब्रजमोहन पता दौलतपुर, डबरा, ग्वालियर, म प्र.

नाम परिवर्तन सूचना

मैं **रवि सिंह कुशवाह (RAVI SINGH KUSHWAH)** पुत्र श्री गुरुनारायण सिंह कुशवाह सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पुत्र का नाम **सोम राजावत (SOM RAJAWAT)** है जबकि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में **सोम्य राजावत (SOMY RAJAWAT)** गलती से लिख गया है जो कि गलत है वर्तमान एवं भविष्य में मेरे पुत्र को सोम राजावत के नाम से जाना पहचाना एवं पुकारा जाता है एवं जाएगा। जो मेरे शासकीय, अर्धशासकीय प्रपत्रों एवं अन्य प्रपत्रों में लिखा गया है सोम राजावत एवं सोम्य राजावत दोनों मेरे ही पुत्र के नाम है अत: मेरे पुत्र के आधार कार्ड में मेरे पुत्र का नाम **सोम्य राजावत** के स्थान पर **सोम राजावत लिखा** एवं पढ़ा जावे। आम जन एवं सर्वजन सूचित हो।

पूर्व नाम : सोम्य राजावत
वर्तमान नाम : सोम राजावत
सूचनाकर्ता
रवि सिंह कुशवाह, पता :- राजपूत कॉलोनी इमली नाका सिकंदर कम्पू, लश्कर, ग्वालियर म.प्र.

नामांकन विज्ञप्ति/आम-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे.क्र. 22 वार्ड क्रमांक 61, स्थानः सिरोल पर स्थित है जो विक्रेता नीरज कुमार शर्मा/स्व. रामस्वरूप शर्मा, मनस्वी रीयलकॉन प्रा.लि. -धीरज प्रकाश अग्रवाल, अमरनाथ रीयलस्टेट -धीरज प्रकाश अग्रवाल, एच.जी. इफ्राटेक -धीरज प्रकाश अग्रवाल के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रमांक 9000108103 पर काविज दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1300 वर्ग फुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक ए-1124969 दिनांक 31.01.2024 के द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1956 के अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एवं अन्य उपकार की वसूली हेतु मेरे द्वार ऑनलाइन नामांकन आवेदन आज दिनांक-20.12.2025 को किया गया है। जिसका आवेदन क्रमांक पी.टी. 34200 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रमांक 202/205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भी अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जाएगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक: 21.12.2025
आवेदक नाम- राघवेन्द्र उपाध्याय/महेन्द्र उपाध्याय शिल्पी उपाध्याय/राघवेन्द्र उपाध्याय
पता- प्लॉट न.बी-042, एच.जी.निर्वाना होम्स सिरोल-61

नामांकन विज्ञप्ति/आम-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्र. 22 वार्ड क्रमांक 61, स्थानः सिरोल पर स्थित है जो विक्रेता नीरज कुमार शर्मा/स्व. रामस्वरूप शर्मा, मनस्वी रीयलकॉन प्रा.लि. -धीरज प्रकाश अग्रवाल, अमरनाथ रीयलस्टेट -धीरज प्रकाश अग्रवाल, एच. जी. इफ्राटेक -धीरज प्रकाश अग्रवाल के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रमांक 9000108104 पर काविज दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1320 वर्ग फुट है। उक्त संपत्ति को मे